# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**12.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी सांसदों से महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधनों को पूर्ण समर्थन से पारित करने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा—सरकार पारदर्शिता, सुशासन और जनसेवा के संकल्प के साथ कर रही कार्य।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार के साढ़े 3 वर्ष के कार्यकाल को बताया निराशाजनक।
- प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए आने वाले दिनों में विभिन्न स्तरों पर होगा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण कानून पर सच्ची भावना के साथ अमल करने का समय आ गया है ताकि 2029 से लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ हों। लोकसभा और राज्यसभा में सदन के नेताओं को लिखे पत्र में उन्होंने सभी सदस्यों से महिला आरक्षण कानून में संशोधन के मुद्दे पर एकजुट होने का आहवान किया है। इस कानून को नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया गया है। महिला आरक्षण अधिनियम से लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़कर आठ सौ 16 हो जाएगी जिसमें 2 सौ 73 सीटें महिलाओं के लिए होंगी।
लोकसभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान 2023 में संविधान संशोधन के ज़रिए किया गया था।

व्हिप

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा और राज्यसभा के अपने सदस्यों को 16 से 18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है। व्हिप में कहा गया है कि इस अवधि में सदन में उपस्थिति अनिवार्य है और कोई छुट्टी मंजूर नहीं की जाएगी। महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के लिए संसद का तीन दिन का विशेष सत्र 16 अप्रैल से शुरु हो रहा है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार पारदर्शिता, सुशासन और जन सेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऊना में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले 40 महीनों के कार्यकाल में सरकार ने जनसेवा को केंद्र में रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवधि में कई नीतिगत बदलाव किए गए और नए कानून बनाने के अलावा भ्रष्टाचार के रास्तों को बंद किया गया है। पुरानी पैंशन पर पुर्नविचार को लेकर सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुरानी पैंशन को बंद नहीं करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की नीतियां प्रदेश विरोधी रही हैं और भाजपा कार्यकाल में जनहित को प्राथमिकता नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि आर.डी.जी. प्रदेश का अधिकार है और इसके बंद होने से राज्य को 50 हजार करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों तक आधुनिक तकनीक की पहुंच सुनिश्चित बना रही है। सोलन जिले के चायल में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने बताया कि नागरिक अस्पताल चायल में स्टाफ की नियुक्ति के साथ–साथ आधुनिक उपकरण भी स्थापित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी से एच.पी.वी. विशेष टीकाकरण अभियान के तहत पात्र लड़कियों का टीकाकरण अवश्य करवाने का आह्वान किया ताकि वे सर्विकल कैंसर के खतरे से पूरी तरह सुरक्षित रह सके। धनीराम शांडिल ने चायल अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

माकपा

माकपा ने राजधानी शिमला स्थित कमला नेहरू अस्पताल की स्त्री रोग ओपीडी को आईजीएमसी में स्थानांतरित करने का विरोध किया है। मुख्यमंत्री को लिखे एक पत्र में पार्टी के राज्य सचिव संजय चौहान ने कहा कि यदि अस्पताल को स्थानांतरित किया जाता है तो यह विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्र सरकार द्वारा मातृ व शिशु अस्पताल के लिए तय दिशा निर्देशों का उल्लंघन होगा। अस्पताल के स्थानांतरित होने से आईजीएमसी में भीड़ बढ़ेगी जिससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने विभागों से नवीन योजनाओं और तकनीक की जानकारी समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने को कहा है ताकि इनसे व्यापक लाभ सुनिश्चित हो सके। सोलन में एक समारोह में उन्होंने कहा कि कृषि, बागवानी, दुग्ध उत्पादन और तकनीकी शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में सरकार की योजनाएं लोगों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। धर्माणी ने कहा कि योजनाओं की सफलता अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यकुशलता व जनसहयोग पर निर्भर करती है।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस सरकार का साढ़े 3 वर्ष का कार्यकाल निराशाजनक रहा है और सरकार चुनावी वायदे पूरा नहीं कर पाई है। मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र में आज अलग–अलग स्थानों पर जनसंबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि चुनावी गारंटियों की आड़ में कांग्रेस ने प्रदेश में हर वर्ग को ठगा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस कार्यकाल में सरकार ने केवल जन–कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का काम किया है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश की प्रत्येक पंचायत का विकास सरकार की प्राथमिकता है और इसमें कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बसंतपुर के मंडयालु में आज मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पंचायतों के सुदृढ़ीकरण की प्रकिया जारी है। इस प्रकिया के तहत पुराने पंचायत भवनों को आधुनिक सुविधाओं से लेस किया जा रहा है।

भाजपा

प्रदेश कांग्रेस सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा ने आज नाहन में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल के नेतृत्व में शहर में आक्रोश रैली निकाली गई। मीडिया से बातचीत में राजीव बिंदल ने कहा कि अपने साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई हजार करोड़ रूपए का कर्ज लेने के बावजूद प्रदेश में विकास कार्य ठप्प हैं।

अभियान

राज्य सरकार ने वर्ष 2026–27 में ''खेलो हिमाचल–चिट्टा मुक्त अभियान'' आयोजित करने की विस्तृत योजना तैयार की है। इसके तहत ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी जिनमें वॉलीबॉल, कबड्डी और क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेलों को शामिल किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में 15 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के करीब 50 हजार युवा भाग लेंगे। इस अभियान का उददेश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और खेलों के माध्यम से अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और सकारात्मक जीवनशैली की ओर अग्रसर करना है।

सीएम–उत्सव

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऊना जिले के हरोली उत्सव को समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया है। हरोली में इस उत्सव के शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं और प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाते हैं। मुख्यमंत्री ने इस भव्य आयोजन के लिए उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर अग्निहोत्री ने कहा कि बैसाखी की खुशियों से भरा ये आयोजन हरोली क्षेत्र के लोगों के जीवन में खुशी, ऊर्जा और एकता का संचार करने का माध्यम है।

उत्सव–2

इस बीच राज्यस्तरीय हरोली उत्सव दूसरे दिन हरोली मैदान में आयोजित काफ रैली आज आर्कषण का केन्द्र रही। इस रैली में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री विशेष रूप से मौजूद रहे। इस रैली में क्षेत्र के पशुपालकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया जिसमें करीब 50 दुधारू पशुओं को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान आधुनिक पशुपालन, नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने से जुड़ी जानकारी भी पशुपालकों को दी गई।

अमरनाथ यात्रा

इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त को रक्षाबंधन तक चलेगी। तीर्थयात्रा के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीक़े से होगा। पंजीकरण की सुविधा देश के किसी भी जम्मू और कश्मीर बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक सहित 5 सौ 54 बैंक शाखाओं में उपलब्ध होगी।